**Publication Name:** Amar Ujala
**Publication Date:** 02/02/2026
**Edition:** Delhi
**Page No:** 14
**CCM:** 1262.59

₹1,745 crore to cooperatives

# सहकारिता को 1,745 करोड़

पैक्स के साथ डेयरी, तिलहन, फल, बागवानी फसलों में सहकारिता को बढ़ावा मिलेगा। प्राथमिक सहकारी समितियों और उनके सदस्यों द्वारा उत्पादित पशुचारा और कपास के बीज की आपूर्ति को शामिल करने का प्रस्ताव है।

- सहकारिता के लिए 1,744.74 करोड़ दिए गए हैं जबकि पिछली बार यह 981.31 करोड़ था। सहकारिता क्षेत्र के बजट में 77.78% का इजाफा किया गया है।
- दूध, तिलहन, फल और सब्जियों की आपूर्ति से जुड़ीं पैक्स को मजबूत किया जाएगा। अंतर-सहकारी समिति लाभांश आय को इसके सदस्यों में आगे संवितरण की सीमा तक कटौती के रूप में अनुमति का भी प्रस्ताव है।
- राष्ट्रीय सहकारी संघों की सहायता के लिए अधिसूचित राष्ट्रीय सहकारी संघ के 31 जनवरी तक कंपनियों में किए गए उनके निवेश पर प्राप्त लाभांश आय पर 3 वर्षों के लिए छूट का प्रस्ताव है।